दिनांक 10 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

सैनिटाइजिंग कार्य में निगम ने झोंकी ताकत

भिलाईनगर / नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को संक्रमण मुक्त बनाने के लिए सफाई एवं सैनिटाइजिंग का कार्य निरंजर जारी है, निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला व्हीकल माउंटेड मशीन द्वारा फागिंग एवं हैन्ड स्प्रे द्वारा तथा पानी टैंकरों के माध्यम से सैनेटाइज का कार्य सघन रूप से कर रहे है। कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु निगम प्रशासन आमजन से अपील कर रही है कि लोग अपने घर में ही रहे ताकि कोरोना वायरस को फैलने से रोका जा सके, वहीं लाॅक डाउन के तहत सोशल डिस्टेंस बनाए रखने सभी सार्वजनिक स्थानों की माॅनिटरिंग भी नियमित रूप से की जा रही है। भिलाई निगम के सभी जोन के स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने अपने क्षेत्र के वार्डों में सोडियम हाइपोक्लोराइट के घोल से घरों, दुकान, सार्वजनिक स्थानों बाजार, मंच इत्यादि के साथ ही घरों के खिड़की , दरवाजे व फर्नीचरों, फर्श इत्यादि को सेनीटाइज कर रही है। आज जोन 01 व जोन 03 में 31 सफाई कर्मचारियों ने 675 घरों तथा 29 मोहल्लों में हैन्ड स्प्रे से सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव करते हुए सेनेटाइज करने का कार्य करते हुए आमजन को घरों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील किए। जोन स्वास्थ्य अधिकारी सक्सेना व आर.पी. तिवारी ने बताया कि जलजनित बीमारी पीलिया से रोकथाम हेतु लगभग 1000 घरों में क्लोरीन टैबलेट का वितरण किया जा रहा है एवं पीलिया जैसे जलजनित बीमारियों से बचाव हेतु पानी उबालकर एवं छना हुआ साफ पीने की जानकारी दी जा रही है। ।

जनसम्पर्क अधिकारी